मोतियाबिंद के 82 आपरेशन होंगे

अमर उजाला ब्यूरो

अंबाला। अंबाला हेल्थ केयर एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार को सामुदायिक केंद्र कुम्हार मंडी अंबाला छावनी में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अंबाला शहर के विधायक विनोद शर्मा ने किया। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की वाइस चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा की अध्यक्षता में लगाए गए इस शिविर में 1425 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में आंखों की जांच के दौरान 82 लोगों की आंखों के मोतियाबिंद के आपरेशन की पहचान की गई और सभी लोगों के आपरेशन सोसायटी द्वारा निशुल्क करवाये जाएंगे।

विधायक विनोद शर्मा ने कहा कि साधन संपन्न लोगों को भी इस तरह के पुण्य कार्यों में सहयोग देना चाहिए। सोसायटी का यह प्रयास सराहनीय है। शक्ति रानी शर्मा शिविर समाप्त होने तक सामुदायिक केंद्र में रही और उन्होंने स्वयं शिविर की सभी गतिविधियों का संचालन करवाया। सोसाइटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि इस शिविर में नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ तथा एमएम कालेज मुलाना के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट के अतिरिक्त विख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पीसी शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डा. सन्नी सिंह आहलुवालिया, तपेदिक रोग विशेषज्ञ डा. विवेक शील मल्होत्रा, डा. एमके गोयल, महिला रोग विशेषज्ञ डा. नीरजा सिंगल, डा. तेजेंद्र तलवार, शल्य रोग विशेषज्ञ महेश गुप्ता, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुमित ग्रोवर, डा. एमएस नायक, डा. गुरदीप सिंह, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. अनित, फिजियोथेरेपिस्ट डा. सुधा, डा. योगेश गर्ग, डा. हितेश ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यकता अनुसार सभी दवाईयां भी सोसायटी की ओर से निशुल्क वितरित की गईं। इस शिविर में 450 मरीजों को चश्मे दिए गए। इसके अतिरिक्त 80 मरीजों की ईसीजी, 250 लोगों के रक्त की तथा 10 मरीजों की टीबी की जांच भी निशुल्क की गई है। शिविर में 40 मरीजों की फिजियोथैरेपी भी की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मीडिया एडवाइजर सुनील परती, उपायुक्त शेखर विद्यार्थी, सिविल सर्जन डा. सतीश अग्रवाल, वन मंडल अधिकारी जगमोहन शर्मा, डीडीपीओ रेणु जैन, कार्यकारी अभियंता रामफल सिंह, कांग्रेसी नेता अरुण गर्ग, परमिंदर बबला आदि मौजूद थे।

शिविर के दौरान एक बच्ची को चेकअप करते डॉक्टर।